निर्वाचन भवन
58, अरेरा हिल्स भोपाल 462011
Email-sopanchayat.mpsec@mp.gov.in
Phone No. - 0755-2555527

# मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

हर वोट कीमती • हर निकाय महत्वपूर्ण

क्रमांक एफ-70/PN-07/2024/तीन/192 भोपाल, दिनांक 04/11/2024

प्रति,

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी,
(स्थानीय निर्वाचन)
जिला - समस्त (मध्यप्रदेश)।

विषय : पंचायतों में आकस्मिक रिक्तियों की जानकारी ऑनलाईन भेजने के सम्बंध में।

---***---

मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के नियम 89(2) के तहत् जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में जिले की विभिन्न पंचायतों में आकस्मिक रिक्तियों का समेकित ब्यौरा आयोग को भेजे जाने का प्रावधान है।

2/- आयोग द्वारा दिनांक 15 नवम्बर 2024 तक विभिन्न पंचायतों में आकस्मिक रूप से रिक्त पदों के आधार पर उत्तरार्द्ध 2024 में उप निर्वाचन सम्पन्न कराये जायेंगे।

3/- ऑनलाईन जानकारी भेजने के लिए URL का लिंक आयोग की वेबसाईट www.mplocalelection.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी उन्हें पूर्व में प्रदाय लॉगिन आई.डी. और पासवर्ड के माध्यम से ऑनलाईन प्रविष्टि कर सकते हैं।

4/- ऑनलाईन जानकारी भेजने में यदि कोई कठिनाई हो तो आयोग की आई.टी. शाखा से सम्पर्क कर सकते हैं।

5/- <u>जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिनांक 15 नवम्बर 2024 तक विभिन्न पंचायतों में आकस्मिक रूप से रिक्त पदों की ऑनलाईन उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर उत्तरार्द्ध 2024 में उप निर्वाचन कराये जायेंगे। अतः कृपया जानकारी भेजते समय शुद्धता का विशेष ध्यान रखे और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी आकस्मिक रिक्ति की सूचना भेजने से छूट न जाये।</u>

6/- आकस्मिक रिक्तियों की जानकारी समयसीमा में उपलब्ध न कराने अथवा त्रुटिपूर्ण उपलब्ध कराने को आयोग द्वारा गम्भीरता से लिया जायेगा और इसके लिए आप व्यक्तिगत तौर से उत्तरदायी होंगे।

7/- आयोग का विगत निर्वाचनों में यह अनुभव रहा है कि कतिपय जिलों द्वारा ऑनलाईन जानकारी URL पर प्रविष्टि तो की गई किन्तु रिक्त पदों की जानकारी त्रुटिरहित होने के सम्बंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) द्वारा प्रमाणीकरण नहीं किया गया। अतः जानकारी की प्रविष्टि प्रमाणीकरण सहित की जाना सुनिश्चित करें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

(अभिषेक सिंह)
सचिव
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

पृष्ठां. क्रमांक एफ-70/PN-07/तीन/2024/193 भोपाल, दिनांक 04/11/2024

प्रतिलिपि :-

1. संभागीय आयुक्त (समस्त) मध्यप्रदेश।

2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत (समस्त) मध्यप्रदेश।

3. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) समस्त, मध्यप्रदेश।

4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत (समस्त) मध्यप्रदेश।

5. जनसम्पर्क अधिकारी/निर्वाचन सामग्री (स्टोर) प्रभारी/ई.व्ही.एम. प्रभारी, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल।

6. सीनियर आई.टी. कन्सलटेन्ट, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल की ओर वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।

7. गार्ड फाईल।

04/11/2024

(प्रदीप शुक्ला)

प्रभारी उप सचिव

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग